हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 नपाध्यक्ष ने 17 लाख के सीसी सड़क का किया भूमिपूजन




## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों हेतु कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला कल

**बलरामपुर।** जिला प्रशासन बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्मुखीकरण एवं भविष्य निर्माण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मोटिवेशनल सेमिनार एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन 12 दिसंबर को काका लरंगसाय स्टेडियम शंकरगढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम चौंपियन ऑफ़ चेंज पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। जिसका लक्ष्य जिले के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य-निर्धारण की क्षमता विकसित करना है। जिसमे में मोटिवेशनल स्पीकर प्रिंस वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास और करियर अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इसके साथ ही जिले के भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों द्वारा भी प्रेरणादायक सत्र लिए जाएंगे। कार्यशाला से विद्यार्थियों को अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने, विभिन्न कैरियर विकल्पों को समझने तथा उचित तैयारी रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।

### दो दिन बाद विक्षोभ के प्रभाव से ठंड से मिल सकती है राहत

अम्बिकापुर। सरगुजा में पिछले चार दिनों से चल रहे शीत लहर में आगामी दो दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानी तेजी से आगे बढ़ रहे पछुआ विक्षोभ के उत्तर भारत में दस्तक देने के बाद तापमान में वृद्धि होने एवं ठंड से राहत मिलने की संभावना जता रहे हैं। शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग 6 दिसम्बर से शीतलहर से जूझ रहा है। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से न्यूनतम पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है। पिछले चार दिनों से पारा सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे होने के कारण लोग तेजी से अस्वस्थ हो रहे है। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक तापमान के यथावत रहने के साथ ही कड़ाके की ठंड जारी रहने की संभावना जता रहे हैं। दूसरी तरफ एक पछुआ विक्षोभ तेजी से भारत की ओर अग्रसर है जिसके 12 दिसम्बर को उत्तर भारत में दस्तक देने की संभावना है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बढ़ने पर पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह कम होने एवं तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के ताकतवर होने तथा उसका प्रभाव उत्तर छत्तीसगढ़ तक पहुंचने की स्थिति में न्यूनतम पारा में तीव्र वृद्धि होने अन्यथा पारा में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### जिला कार्यालय के 500 मीटर परिधि में धारा 144 लागू

**बलरामपुर।** जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति द्वारा 11 दिसंबर को जिला कार्यालय बलरामपुर में प्रातः 11 बजे से बैठक आयोजित किया जाना निर्धारित है, विगत जिला स्तरीय सत्यापन समिति की बैठक उपरांत निर्मित परिस्थिति को देखते हुए जिला कार्यालय बलरामपुर में काफी संख्या में भीड़ एकत्रित होने की संभावना है, जिसके कारण भीड़ के आक्रोश एवं तनाव की स्थिति निर्मित होने से लोक परिशांति भंग होने की संभावना है। विधायक के जाति प्रमाण पत्र मामले में होने वाली सुनवाई के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला कार्यालय बलरामपुर के 500 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू किया गया है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी-सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर भले ही ये अनुज्ञप्तिधारी हों, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धारदार घातक हथियार आदि को लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परंपरा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कण्डिका प्रभावशील नहीं होगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति-व्यक्तियों के समूह के विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 188 के अंतर्गत अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी।

## चार महीने से कारीमाटी शाला के शिक्षक बैठकर गुजार रहे समय

# पढ़ने वाले बच्चों का पता नहीं, विभाग ने स्कूल में पदस्थ कर दिए दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/भैयाथान

शासकीय विद्यालयों एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने के बावजूद स्कूलों की स्थिति नहीं सुधरी है। अभी भी कई ऐसे शासकीय स्कूल हैं जहां बच्चों की संख्या नगण्य है लेकिन विभाग ने पढ़ाई की खानापूर्ति के लिए दो-दो शिक्षकों को पदस्थ कर दिया है।

**खास बात**
- अधिकारियों ने नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने ले ली टीसी

**अलग खबर**

शासकीय विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता सुधारने की दृष्टि से शासन द्वारा कम दर्ज संख्या वाले शासकीय स्कूलों को बंद करने के साथ ही आवश्यकता से अधिक शिक्षकों को अन्यत्र पदस्थ किया गया था। इस युक्तियुक्तकरण के बाद भी ऐसे कई स्कूल हैं जहां पढ़ने वाले बच्चे नहीं हैं इसके बावजूद विभाग ने खानापूर्ति के लिए शिक्षक पदस्थ कर दिए हैं। सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड भैयाथान के ग्राम पंचायत परसिया के अलग-अलग वार्डों में एक मिडिल स्कूल एवं तीन प्रायमरी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के कारीमाटी वार्ड में संचालित प्राथमिक शाला में 10 बच्चे अध्ययन कर रहे थे। शिक्षकों की मनमानी से परेशान अभिभावकों ने कई बार विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों को अन्यत्र हटाने एवं दूसरे शिक्षकों को पदस्थ करने की मांग विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से की लेकिन उन्होंने पूर्व में हुए युक्तियुक्तकरण का हवाला देकर इंकार कर दिया। बीईओ द्वारा मामले में संज्ञान नहीं लेने पर अभिभावकों ने अपने बच्चों की टीसी ले ली तथा उनका नाग गांव में ही संचालित प्रायवेट स्कूल में दर्ज करा दिया। शाला में एक भी बच्चे का नाम दर्ज नहीं होने के बावजूद कागजों में इसका संचालन होता रहा। विद्यालय में पदस्थ दोनों शिक्षक अपनी सुविधानुसार पहुंचते एवं मध्याह्न भोजन का स्वाद चखकर घर चले जाते। जुलाई से नवम्बर तक कई बार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मराबी भी स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे एवं शिक्षकों के साथ मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण कर वापस चले गए। नवम्बर के अंत तक इसी तरह विद्यार्थी विहीन शाला का संचालन होता रहा। ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ने पर पिछले एक सप्ताह से विद्यालय में चार बच्चे पहुंच रहे हैं। जिन्हें पढ़ाने दोनों शिक्षक कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। विभाग की इस बड़ी लापरवाही का खुलासा होने के बाद विभाग के अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। ग्रामवासी अधिकारियों की मिलीभगत से शिक्षकों पर मध्याह्न भोजन की सामग्री में भी हेराफेरी करने की संभावना जता रहे हैं।




स्कूल के बाहर बैठे शिक्षक।

### गांव के ही प्रधान पाठक

ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला कारीमाटी के प्रधान पाठक लखनलाल यादव गांव के ही निवासी हैं तथा खेती गृहस्थी में व्यस्त होने के कारण शैक्षिक गतिविधियों में रूचि नहीं लेते। जनशिक्षक होने के कारण हाजिरी लगाने के बाद वे गायब हो जाते हैं। सहायक शिक्षक दिलबर सिंह ग्राम सावारावां के निवासी हैं तथा वे भी खानापूर्ति कर घर चले जाते हैं। स्कूल में कक्षा 5वीं में पढ़ने वाले बच्चों को न तो अक्षर का ज्ञान है न ही गिनती-पहाड़ा ही आता है। स्कूल की बदहाल शिक्षण व्यवस्था से अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ता देख अभिभावकों ने अपने बच्चों की टीसी ले ली तथा गांव के ही एक निजी स्कूल में उनका एडमिशन करा दिया। इतना सबकुछ होने के बाद भी न तो शिक्षकों पर कोई असर पड़ा न ही अधिकारियों पर और विद्यार्थी विहीन शाला का संचालन चार महीनों तक होता रहा।

### शिक्षक बदलने पर पढ़ेंगे बच्चे

ग्राम पंचायत परसिया के सरपंच शिवकुमार आग्रे ने बताया कि स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की मनमानी से बच्चों का भविष्य खराब हो रहा था इसलिए ग्रामीणों ने आपसी सहमति से अपने बच्चों को हटाया। इसके पूर्व मैनें स्वयं बीईओ से दोनों शिक्षकों को अन्यत्र हटाने की मांग की ताकि शिक्षण व्यवस्था को सुधारा जा सके। बीईओ युक्तियुक्तकरण होने के बाद ऐसी कोई भी कार्रवाई शासन स्तर पर होने का हवाला देते रहे। स्कूल की व्यवस्था नहीं सुधरने पर बच्चों को हटाना पड़ा। चार महीने बाद पिछले एक सप्ताह से स्कूल में दो-चार बच्चे आते-जाते दिख रहे हैं। ग्राम पंचायत के अन्य शासकीय स्कूलों में भी बच्चों की संख्या सामान्य है जबकि प्रायवेट स्कूल में बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्कूल के शिक्षकों को हटा दिया जाए तो गांव के बच्चों का नामांकन फिर से करा दिया जाएगा।

### नहीं है अधिकार

युक्तियुक्त करण के बाद ट्रांसफर कराया पोस्टिंग संबंधी निर्णय शासन स्तर पर लिए जा रहे हैं। विकासखण्ड स्तर पर शिक्षकों को हटाने का अधिकार नहीं है। इस संबंध में डीईओ कार्यालय को अवगत कराया गया है।

-**फूलसाय मराबी**, बीईओ, भैयाथान



घटना स्थल पर जांच करते अधिकारी।

## 75 साल के बुजुर्ग ने 74 साल की पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सोलह साल पहले शुरू हुए एक विवाद और चरित्र शंका को लेकर बुजुर्ग ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने विवाद के दौरान पत्नी के सिर पर टांगी से वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने अपनी बेटी को फोन कर हत्या की जानकारी दी। अब इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

- क16 सालों से चल रहा था चरित्र शंका को लेकर विवाद, टांगी से वार कर की हत्या

बताया जा रहा है कि ग्राम ठरकी निवासी 75 वर्षीय ठिभू केरकेट्टा खनिज विभाग में सर्वेयर के पद पर सेवानिवृत्त हुआ था और पत्नी 74 वर्षीया महेश्वरी केरकेट्टा के साथ रहता था। बुजुर्ग दम्पति का पुत्र सुनील घर से लगभग 150 मीटर दूर स्थित अपने दूसरे घर में रहता है जबकि उसकी बेटी बेटी अनीता तिर्की अंबिकापुर में रहती है। 10 दिसंबर की सुबह वृद्ध ने अपनी बेटी अनीता तिर्की को फोनकर बताया कि उसने महेश्वरी केरकेट्टा की हत्या कर दी है। ऐसे में महिला ने घटना की जानकारी अपने भाई को दी। सूचना मिलने के बाद जब सुनील मौके पर पहुंचा तो उसकी मां घर के अंदर परछी में पलंग से नीचे खून से लथपथ मृत पड़ी हुई थी। महिला के बाएं कान के नीचे टांगी से वार करने के निशान थे। ऐसे में सुनील केरकेट्टा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा उपरान्त लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि खनिज विभाग में सर्वेयर के पद पर कार्य करते हुए 19 दिसम्बर 2009 को विभाग में कार्य रत एक मार्शल चालक के साथ ग्राम ठरकी आया था। उसी रात उसने पत्नी महेश्वरी को कथित रूप से उसी चाक के साथ एक ही खाट पर सोते हुए देख लिया था। इसी को लेकर दोनों के बीच वर्षों से विवाद चल रहा है और इसी चरित्र शंका को लेकर विवाद के कारण उसने गुस्से में आकर बुजुर्ग पत्नी की टांगी से वारकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। इसके साथ ही आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

## एक ही परिवार के नाम पर कर दी गई 70 एकड़ भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड में एक बड़ा भूमि घोटाला सामने आया है जिसमें कई ग्रामों की शासकीय एवं निजी भूमि को कथित रूप से अवैध तरीके से एक ही परिवार के नाम कर दिए जाने का गंभीर आरोप लगा है।

इस संबंध कई पंचायत के ग्रामीणों ने कलेक्टर बलरामपुर को लिखित शिकायत देकर तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। इधर ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच उपरांत ही कोदौरा पटवारी अजेन्द्र टोप्पो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही इस मामले में अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की बात कही जा रही है। बता दें कि ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कोदौरा, कोटडीह, भेण्डरी, परसवार खुर्द, करगडीहा और पकराडी में स्थित कुल लगभग 60 से 70 एकड़ भूमि जिसमें शासकीय एवं भू-स्वामियों की निजी भूमि शामिल है उसे कथित रूप से तहसीलदार राजपुर और संबंधित पटवारी की मिलीभगत से एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरा नामांतरण ऑनलाइन दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर किया गया है और महज कुछ सालों के भीतर बड़ी मात्रा में भूमि उक्त परिवार के नाम चढ़ा दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि धान खरीदी पंजीयन के लिए जब उन्होंने ऑनलाइन खसरा-बी1 निकाला तो वास्तविक भूमि स्वामियों के नाम की जगह गुप्ता परिवार के नाम दर्ज मिले। इस गंभीर विसंगति की सूचना एक सप्ताह पूर्व पटवारी एवं तहसीलदार को दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने मामला कलेक्टर के संज्ञान में लाया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई तथा आरोपी परिवार के विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान लघु वनोपज संघ के जिला अध्यक्ष लालसाय मिंज, नीरज तिवारी अशोक रस्तोगी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण थे।

- ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग, पटवारी को किया गया निलंबित

### पटवारी की आईडी से जोड़े गए नाम

इस मामले में ग्राम पंचायत पकराड़ी, सेमराकटरा, भेण्डरी, करमडीहा एवं कोटडीह के सरपंचों द्वारा 5 दिसंबर को तहसीलदार से शिकायत की गई थी कि विरेन्द्र गुप्ता एवं उसके परिवार के सदस्यों के नाम छत्तीसगढ़ शासन की बड़े झाड़ व छोटे झाड़ की जंगल भूमि पर फर्जी तरीके से दर्ज कर धान विक्रय हेतु उपयोग किया गया है। इस मामले की जांच तहसीलदार द्वारा कराई गई जिसमें पाया गया कि मैनुअल रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन आदेश मौजूद नहीं है इसके बावजूद ऑनलाइन कैफियत कॉलम में पटवारी आईडी से संबंधित व्यक्तियों के नाम जोड़ दिए गए। भूमिस्वामी तथा शासकीय खसरों में इस तरह फर्जी प्रविष्टि किए जाने को गंभीर लापरवाही माना गया है। जांच में स्पष्ट हुआ कि पटवारी अजेन्द्र टोप्पो द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अवैध तरीके से नाम जोड़कर धान विक्रय का मार्ग प्रशस्त किया गया। ऐसे में एसडीएम देवेन्द्र प्रधान ने पटवारी कोदौरा अजेन्द्र टोप्पो तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही पटवारी रजाउल हसन को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## बीईओ के प्रतिवेदन पर शराबी प्रधान पाठक निलंबित

**बिहारपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन पर संयुक्त संचालक ने करौटी ए में पदस्थ शराबी प्रधान पाठक संजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीईओ ने अपने प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि उनके निरीक्षण के दौरान प्रधानपाठक बिना सूचना दिए 4 से 6 नवम्बर एवं 3 से 8 दिसम्बर तक अनुपस्थित पाए गए थे। प्रधान पाठक 6 दिसम्बर को गांव में शराब के नशे में घूमते देखे गए थे। इस दौरान सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रधान पाठक का शराब पीते वीडियों बनाकर बीईओ को भेजने के साथ ही सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया था। बीईओ प्रतिवेदन पर संयुक्त संचालक शिक्षा ने प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में प्रधान पाठक को जीवन निर्वाह भत्ता की सुविधा प्रदान की जाएगी।



## सरगुजा पुलिस ने बैंकों में लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक में गार्ड, सीसीटीवी कैमरों, सायरन सहित अन्य तकनीकी बारीकियों की जानकारी ली।

बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने सुरक्षित बैंकिंग एवं आपराधिक गतिविधियों में कमी लाने एवं जनता की सुरक्षा दृष्टि से राजपत्रित अधिकारियों सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय एवं गैर शासकीय बैंकों की सुरक्षा जांच के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में बुधवार को एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपने अपने क्षेत्रों में बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंकों में मुख्य रूप से लगे सीसीटीवी कैमरे की स्थिति, सुरक्षा गार्ड, मुख्य उसकी मजबूती, बैंकों में सायरन, बैंकों में आपातकाल हेतु उपलब्ध सम्पर्क नंबर, सुरक्षाकर्मियों के पास उपलब्ध हथियार एवं उनकी स्थिति, कारतूसों की संख्या बैंकों में कार्यरत नियमित एवं अनियमित कर्मचारियों का सत्यापन इत्यादि बिंदुओं पर जांच कर रिपोर्ट प्राप्त की गई है। आम जनता की सुरक्षा एवं सुरक्षित बैंकिंग हेतु जांच कराई गई तथा शाखा प्रबंधकों को बैंकों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की सूचना अपने नजदीकी थाने अथवा पुलिस कंट्रोल रूम में देने हेतु निर्देशित किया गया।

## पत्नी के सामने पति ने पी लिया जहर, अलग होने पति स्टॉम्प में करा रहा था हस्ताक्षर

**अम्बिकापुर।** पत्नी के मायके में रहने तथा देवर के साथ संबंध होने की आशंका पर पति ने पत्नी के सामने ही कीटनाशक पी लिया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक पत्नी से अलग होने के लिए जहर व स्टॉप साथ लेकर अपने ससुराल आया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कापू थाना अंतर्गत ग्राम जमटगाह निवासी गुरू प्रसाद यादव आ. मस्त राम यादव (32 वर्ष) बोरवेल में काम करता था। जिस कारण वह कभी चार माह तो कभी सात माह बाद घर आता था। इसी बीच उसके घर चाचा का बेटा आशीष आता जाता था। गुरू प्रसाद की पत्नी बेलासों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके चाचा का बेटा आशीष उसके घर आता जाता था और फोन से उसे रखने की बात कहता था। इस बात का पता चलने पर पति उसके साथ अक्सर मारपीट करने लगा। जिससे परेशान होकर वह मायके बारबांध में रहने लगी जहां आशीष भी आता था। 4 दिसंबर को पति गुरू प्रसाद उसके घर आया और मायके में के संबंध में पूछा तो पत्नी ने मारपीट से परेशान होकर मायके में रहने की बात कही। 8 दिसंबर को पति कीटनाशक व स्टॉप लेकर पहुंचा और पत्नी को अलग-अलग रहने के लिए स्टॉप में हस्ताक्षर करने कहा तो पत्नी ने मना कर दिया। पत्नी के स्टॉप में हस्ताक्षर नहीं करने पर अपने साथ लाए कीटनाशक को पीने हुए बाहर निकल गया। पत्नी ने पति को कीटनाशक पीते देख घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### वॉइस एंड ब्लूटूथ कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन सिस्टम को मिली सराहना

## राष्ट्रीय पश्चिम भारत विज्ञान मेले में सरगुजा के छात्रों के मॉडल हुए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान मेला में सरगुजा के छात्रों को प्रदर्शनी लगाने का मौका मिला। मेले में छात्रों ने वॉइस एंड ब्लूटूथ कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन सिस्टम, डाय चेक मॉडल प्रस्तुत किया। छात्रों के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे और छात्रों के प्रयासों की जमकर सराहना की गई।

बताया जा रहा है कि मुंबई के नेहरू साईस सेंटर बुधवार को राष्ट्रीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला (2025-26) का भव्य उद्घाटन हुआ। इस विज्ञान मेला में विज्ञान और नवाचार की दुनिया में कदम रख रहे चार राज्यों में छत्तीसगढ़, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान के शिक्षकों ने भी प्रतिभागी और भाग लिया। प्रतिभागियों ने 20 व्यक्तिगत, टीम प्रोजेक्ट और शिक्षक, शिक्षिकाओं ने 11 शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शन में अपनी अनोखी परियोजनाओं से सबका ध्यान आकर्षित किया। मेले में सरगुजा जिले से शामिल दो मॉडल विशेष रूप से ध्यान का केंद्र बने वॉइस एंड ब्लूटूथ कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन सिस्टम को मार्गदर्शक श्रीमती चंदा श्रीवास्तव विद्यालय शासकीय उमावि रामपुर के छात्र ललित राजवाड़े एवं शौर्य महंत ने मिलकर प्रदर्शित किया। यह आधुनिक मॉडल घर की विभिन्न सुविधाओं को वॉइस कमांड और ब्लूटूथ के माध्यम से नियंत्रित करने की तकनीक पर आधारित है, जिसने दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। व्यक्तिगत मॉडल में 'डाय चेक' को छात्र सुमेश्वर गुप्ता ने शिक्षक प्रत्यूष दुबे सेजेस सरगुजा के मार्गदर्शन में प्रदर्शित किया। दोनों मॉडलों ने सरगुजा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए मेले में विशेष पहचान बनाई। साथ ही राजस्थान के सहस्त्रबाहु, महाराष्ट्र के साइन लैंग्वेज ट्रांसलेटर, को खूब सराहना मिली। विज्ञान प्रदर्शनी 10 से 13 दिसंबर तक चलेगी। पहले दिन मेले में रोबोटिक्स, अक्षय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य तकनीक से जुड़े कई मॉडल प्रस्तुत किए गए।




जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### केवी में वार्षिक खेल दिवस

**अनूपपुर।** केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर की प्राचार्या डॉ. प्रमिला पाण्डेय उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा अतिथियों की अगवानी कर उन्हें मंचासीन कराया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य श्री तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### पेंशन शिविर का आयोजन 12 तक

**अनूपपुर।** सेवानिवृत्त मृत्यु होने वाले जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए पेंशन शिविर का आयोजन 9 एवं 10 दिसंबर को तथा अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए पेंशन शिविर का आयोजन 11 एवं 12 दिसंबर को कार्यालय जिला पेंशन अधिकारी अनूपपुर में किया जाएगा।

### जिले में प्लेसमेंट कैंप 15 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला कोरिया के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध होने वाला है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा 15 और 16 दिसंबर को दो दिवसीय प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा। इसमें सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक 15 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला पंचायत के पीछे स्थित पुराने कैंटीन भवन) में कैंप लगाया जाएगा। वहीं 16 दिसंबर को जनपद पंचायत सोनहत परिसर में कैंप आयोजित होगा।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (क) (1) के अंतर्गत तहसील केल्हारी के ग्राम हंसपुर निवासी रूपेश की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश बिरझू एवं श्रीमती अमृतिया को 2-2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### जल जीवन मिशन पर सरपंचों का विशेष प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में नव-निर्वाचित सरपंचों के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन पर एक महत्वपूर्ण और उपयोगी सत्र आयोजित किया गया, जिसने प्रतिभागियों को ग्राम स्तर पर पेयजल प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया।

### जनता को गुमराह करने की असफल कोशिश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों और हालिया डीएफओ प्रकरण पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बेहद तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा आंदोलन अब मुद्दों पर नहीं, बल्कि नाटकबाजी पर आधारित हो गया है। जनता सब जानती है जब कांग्रेस राजनीतिक रूप से खाली हो जाती है, तब वह प्रशासन को निशाना बनाकर और झूठे विरोध करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा मीडिया प्रभारी के अनुसार कांग्रेस का हालिया प्रदर्शन पूर्णतः प्रायोजित और एजेंडा-आधारित था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को विकास, जनहित और नीतिगत फैसलों से कोई मतलब नहीं है। भाजपा सरकार निरंतर काम कर रही है।

## पशुओं के संरक्षण, पराली प्रबंधन और चारा सुरक्षा पर जोर

# एनएच के किनारे बनाए जाएंगे गौधाम



जिला एवं ब्लाक गौधाम समिति के सदस्यों की बैठक लेती कलेक्टर।

### अवैध पशु तस्करी पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे ने कहा कि छग की अंतर्राज्यीय सीमाओं और राष्ट्रीय राजमार्गों से होकर पशुओं की अवैध तस्करी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने गौधाम समितियों और ग्रामीणों से अपील की कि संदिग्ध वाहनों या घटनाओं की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस थाने में दें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला एवं ब्लाक स्तरीय गौधाम समितियों की पहली बैठक में जिलेभर से आए अध्यक्षों, सदस्यों और अधिकारियों ने महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विमर्श किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा तथा गौधाम जिला अध्यक्ष रेवा यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में पहले चरण में उन ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास स्थित हैं, ताकि निराश्रित एवं घूमंतू मवेशियों को सुरक्षित रूप से गौधामों में रखा जा सके। पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गए कि गौधामों में शेड, पानी, बिजली, सुरक्षित बाड़ा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। मवेशियों की नियमित देखभाल एवं स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने सभी सरपंचों और जनप्रतिनिधियों से घूमंतू मवेशियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में सहयोग का आग्रह किया। वहीं गौधाम जिलाध्यक्ष रेवा यादव ने विशेष रूप से किसानों से आग्रह किया कि धान कटाई के बाद खेतों में बची पराली को किसी भी स्थिति में न जलाएं। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है। मिट्टी की उर्वरता कम होती है, खेतों के लाभकारी जीव नष्ट होते हैं और पशुओं के लिए उपलब्ध चारे की भारी कमी उत्पन्न हो जाती है। पैरा ग्रामीण कृषि-पशुपालन का मुख्य आधार है, इसलिए किसानों को इसे गौधाम, गौठानों और गौशालाओं में उपलब्ध कराने की अपील की गई। राज्य शासन ने पराली जलाने पर सख्त प्रतिबंध, जुर्माना और विधिक कार्रवाई का प्रावधान किया है। कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (संशोधित 2011) तथा नियम 2014 के तहत इस प्रकार का दहन दंडनीय अपराध है। छग सात राज्यों की सीमाओं से घिरा राज्य है, जहां राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। अंतर्राज्यीय आवागमन के कारण अवैध पशु परिवहन की घटनाएं होती हैं। ऐसे में जब्त एवं निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए गौधाम योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौधाम पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे, इन्हें राजमार्ग के समीप ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किया जाएगा। केवल निराश्रित, घूमंतू तथा अधिनियम के तहत जब्त गौवंश को ही यहां रखा जाएगा। गौधाम के लिए वहीं शासकीय भूमि चयनित होगी जहां पानी, बिजली, शेड और सुरक्षा की सुविधाएं उपलब्ध हों। यदि चारागाह भूमि उपलब्ध हो तो हरा चारा उत्पादन का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।


भूमिपूजन करती नपाध्यक्ष।

## नपाध्यक्ष ने 17 लाख के सीसी सड़क का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय एमसीबी के नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ वार्ड क्रमांक 16 में लंबे समय से चली आ रही नागरिकों की मांग आज पूर्ण हुई।

- लंबे समय से वार्डवासियों द्वारा की जा रही थी मांग

अधोसंरचना मद से 17.56 लाख रूपए की लागत से दुर्गा मंदिर टीव्ही टॉवर रोड़ से मिशन स्कूल तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव के मुख्य आतिथ्य में पूजा-अर्चना कर विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे वार्ड में खुशी का माहौल देखने को मिला। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगे भी वार्ड में इसी तरह विकास कार्य निरंतर होते रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार एवं उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव तथा क्षेत्रीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में शहर के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निकाय की सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कें अच्छी हो तो हर सुविधाएं पहुंचती है।

## विद्यार्थियों को बांटे गए गर्म कपड़े


बांटे गए गर्म कपड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास व बैकुंठपुर में निवासरत विद्यार्थियों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी उक्त छात्रावास की ओर से छात्रावास के छात्रों को गर्म कपड़ों का वितरण बुधवार को निगरानी समिति एवं पालकों के समक्ष किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को गर्म कपड़ा, ट्रेक शूट, टोपी, जूता-मोजा, तथा दस्ताने का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगरानी समिति के अध्यक्ष आशीष यादव, शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती केके टोप्पों एनसीसी अधिकारी संजीव जायसवाल, पालकगण लाल सिंह, रामसुमेरी, सुरेश कुमार, भृत्य विशाल सिंह, कुसुम, राजेश, संतलाल, राजेश व छात्रावास अधीक्षक दीपक कुमार पाटने उपस्थित रहे।

## नकाबपोशों ने कर्मियों को बंधक बनाकर की ट्रांसफार्मर चोरी

**अनूपपुर।** जमुना 1/2 खान मुडधोवा स्थित पंप घर में सोमवार की देर रात्रि हुई बड़ी चोरी ने खदान सुरक्षा तंत्र की पोल खोल दी है, जहां कॉलरी परिसर में जवान तैनात रहते हैं, वहीं चोरी वाली जगह पर कोई भी ड्यूटी पर नहीं थे, केवल कॉलरी के कर्मचारी तैनात थे, इसी सुरक्षा ढांचे की कमी का फायदा उठाकर हथियारबंद नकाबपोशों ने कर्मचारियों को बंधक बनाया और ट्रांसफार्मर चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सुरक्षा प्रहरी पन्नू लाल और ऑपरेटर रामखेलावन साहू रात करीब 1:45 बजे ड्यूटी कर रहे थे, तभी 30,35 नकाबपोश हथियारबंद लोग अचानक वहां पहुंच गए और चोरों ने पहले पन्नू लाल को घेरा, फिर अंदर जाकर रामखेलावन साहू को भी पकड़ लिया। दोनों से मारपीट, गाली-गलौज कर पंखा घर के भीतर बंद कर दिया गया। गिरोह ने इसी दौरान पंखा घर से दो ट्रांसफार्मर खोलकर ले गए और बगल में लगी केबल तारें भी काटकर चोरी कर लीं जिसकी कीमत लाखों में है। कर्मचारी किसी तरह सुबह 5 बजे बाहर निकल पाए और अधिकारियों को सूचना दी, सुबह खदान प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

## धर्मांतरण और वनभूमि अतिक्रमण विवाद से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी





हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में बीते कुछ महीनों से चल रहा कथित धर्मांतरण विवाद अब खुले तौर पर राजनीतिक रंग ले चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में चंगाई सभा और प्रार्थना सभाओं के नाम पर हो रहे कथित धर्मांतरण के आरोपों ने प्रशासन, स्थानीय समुदायों और राजनीतिक दलों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। कई सामाजिक संगठन भी इस मुद्दे को लेकर मुखर होते दिखाई दे रहे हैं।

जिले के कई वन व दुर्गम क्षेत्रों में सक्रिय कुछ समूहों पर आरोप है कि वे बीमारियों से चंगाई और प्रार्थना के माध्यम से लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे आयोजनों में गरीब और निराश्रित लोगों को लक्ष्य बनाते हुए उन्हें आर्थिक सहायता, उपचार और चमत्कारिक लाभ का लालच दिया जा रहा है। इसको लेकर बीते दिनों कई गांवों में विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। स्थानीय संगठनों का आरोप है कि यह गतिविधियां धार्मिक स्वतंत्रता की आड़ में बड़े पैमाने पर चल रहे धर्म परिवर्तन का हिस्सा हैं। वहीं इन सभाओं से जुड़े कुछ लोगों का कहना है कि आरोप राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं और वे केवल धार्मिक प्रार्थना का काम कर रहे हैं। इसी बीच मामला तब और गर्म हो गया, जब हाल ही में वन विभाग ने वन भूमि पर बने तीन घरों को अवैध कब्जे की श्रेणी में पाते हुए ध्वस्त कर दिया। विभाग का कहना है कि ये मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लाभ लेने के बाद जंगल की भूमि में अवैध तरीके से बनाए गए थे।

### जिले में बढ़ा सामाजिक तनाव, प्रशासन पर बढ़ी जिम्मेदारी

इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले में सामाजिक विभाजन की स्थिति बन रही है। एक ओर जनजातीय और ग्रामीण समुदायों में धर्मांतरण के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता है, तो दूसरी ओर राजनीतिक दल इसे चुनावी माहौल में अपने-अपने तरीके से भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। कई संगठनों ने संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि स्पष्ट हो सके कि किस स्तर पर नियमों का उल्लंघन हुआ है।

### राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप तेज

वन विभाग की इस कार्रवाई ने जिले की राजनीति को और भी गर्मा दिया है। भाजपा और स्थानीय हिंदू संगठनों ने कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा है कि अवैध कब्जा किसी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और धर्मांतरण की गतिविधियों पर सख्ती जरूरी है।

## शताब्दी वर्ष के अवसर पर दशहरा मैदान में हिन्दू महासंगम का आयोजन



**बिश्रामपुर।** हिंदू जन जागरण समितिं मंडल बिश्रामपुर द्वारा हिंदू महासंगम कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को दशहरा मैदान बिश्रामपुर में किया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रेम शंकर सिदार संघ के क्षेत्र प्रचारक मध्य क्षेत्र केंद्र जबलपुर रह,इस दौरान मंच पर पंडित धनेश्वर दुबे,मातृशक्ति अमृता जायसवाल,संरक्षक तोलाराम जैन व संयोजक संजयन पाणिकर उपस्थित रहे,संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर चल रहे विविध कार्यक्रमों में हिंदू महासंगम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म अनुरूप हिंदुओं में जन जागरण की भावना जागृत करने,पुरातन संस्कृति को आने वाली पीढ़ी के लिए सहजता से संजो कर रखने के लिए बताया गया,इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में करमा,सुआ सहित वीर शहीदों की झांकी आयोजित की गई।,कार्यक्रम में माध्यमिक शाला रुनियाडीह,हायर सेकेंडरी स्कूल रामनगर,सेजेश बिश्रामपुर,हायर सेकेंडरी कन्या स्कूल बिश्रामपुर सहित जयंती भगत एवं साथियों की टीम,कोईलीपाट गोपालपुर तथा मां महामाया करमा दल कांसापारा जयनगर द्वारा मनोहारी प्रस्तुति दी गई। जिसे उपस्थित जन समुदाय द्वारा सराहा गया, इस दौरान मुख्य वक्ता प्रेम शंकर सिदार द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि हमें पुरातन संस्कृति अनुरूप संस्कृति एवं संस्कार को आने वाली पीढ़ी हेतु बच्चों को सौंपनी है ताकि यह संस्कार हमारे बच्चों में जीवित रह सके।

## आवारा कुत्तों को लगाई जा रही वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



शिवपुर चरचा नगर पालिका क्षेत्र में आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का विशेष अभियान बुधवार से नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल एवं सीएमओ वशिष्ठ कुमार ओझा के दिशा-निर्देश में व्यापक रूप से संचालित है। टीम लगातार शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर आवारा कुत्तों को वैक्सीन लगा रही है, जिससे शहर में संभावित दुर्घटनाओं, कुत्तों के हमले और संक्रमण की आशंकाओं को कम किया जा सके।

- नपा शिवपुर चरचा में चला अभियान

नगर पालिका सफाई निरीक्षक हरिश जायसवाल स्वयं फील्ड में उतरकर वार्ड-वार्ड टीम के साथ घूम रहे हैं। उनके नेतृत्व में सफाई कर्मी और पशु टीकाकरण दल पूरी तत्परता के साथ कुत्तों को पकड़कर उन्हें सुरक्षित रूप से टीका लगाने का कार्य कर रहे हैं। श्री जायसवाल ने बताया कि शहर में जितने भी आवारा कुत्ते हैं, सभी का समय-सीमा के भीतर वैक्सीनेशन सुनिश्चित करना प्रशासन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों का भी सहयोग जरूरी है। नपा अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि नगर पालिका सिर्फ वैक्सीनेशन ही नहीं कर रही, बल्कि लोगों को जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। टीम नागरिकों से अपील कर रही है कि वे कुत्तों को नुकसान न पहुंचाएं, बल्कि उन्हें सुरक्षित टीकाकरण के लिए सहयोग प्रदान करें। नगर वासियों का मानना है कि इस तरह की पहले शहर को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अभियान में नपाध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल, सीएमओ वशिष्ट कुमार ओझा, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, इंजीनियर आलोक चक्रधारी, इंस्पेक्टर हरीश जायसवाल, सुपरवाइजर सुरेश, जैनुल सहित स्वच्छता कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## उद्यमिता विकास के लिए कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

स्वदेशी जागरण मंच कोरिया इकाई के द्वारा रामानुज शासकीय पीजी महाविद्यालय बैकुंठपुर एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में उद्यमिता विकास के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में छग प्रांत के पूर्णकालिक प्रचारक शंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

उन्होंने युवाओं को बताया कि स्वावलंबन एवं स्वरोजगार किस तरह से हमारे जीवन में आमूल परिवर्तन ला सकता है। शिक्षा एवं ज्ञान का उपयोग सिर्फ नौकरी पाने तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि व्यापार व्यवसाय एवं उद्यम स्थापित करके भी बेहतर रूप से अपना जीवन यापन किया जा सकता है । हमें जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनाना चाहिए। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक शारदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि किस प्रकार से शासन उद्यमिता को विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है, उनका लाभ किस प्रकार से लिया जा सकता है। इसमें मार्गदर्शन एवं सहायता के लिए हमारी टीम सदैव आपके साथ तत्पर है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सह संयोजक हिमांशु अवस्थी ने बदलते हुए वैश्विक परिवेश में स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर वर्तमान टैरिफ वार तक स्वदेशी कारगर शस्त्र रहा है। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य एमसी हिमधर, श्रीमती रंजना कच्छप द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया, साथ ही छात्र-छात्राओं को स्वदेशी वस्तुओं एवं विदेशी वस्तुओं की सूची का वितरण किया गया।

## डीईओ कार्यालय से जारी हुआ टाइम-टेबल

# स्कूलों में कोर्स अधूरा, छमाही परीक्षाएं कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




कोरिया जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025-26 गुरूवार से प्रारंभ हो रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित समय-सारणी जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा 12 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है, जो आगामी 20 दिसंबर तक संचालित होगी।

प्राथमिक कक्षाओं की परीक्षा 12 से शुरू होकर 17 दिसंबर तक संचालित होगी, वहीं पूर्व माध्यमिक कक्षाओं की परीक्षा 12 दिसंबर से शुरू होकर आगामी 20 दिसंबर तक संचालित की जाएगी। जारी समय-सारणी के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं की परीक्षा प्रतिदिन प्रातः 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होगी, वहीं पूर्व माध्यमिक कक्षाओं की परीक्षा प्रातः 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक संचालित होगी। दोनों स्तर के विद्यालयों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद परिणाम जारी करना होगा।

### परीक्षा पूर्व शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

कोरिया जिले में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 12 दिसंबर से शुरू हो रही है, इसके पूर्व शिक्षकों का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है, ऐसे में जिन शिक्षकों को प्रशिक्षण में संलग्न किया गया है, वे निर्धारित दिवस तक अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्कूलों में बचे शिक्षकों के द्वारा ही अर्द्धवार्षिक परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

### एक माह से शिक्षक एसआईआर कार्य में

शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार दिसंबर माह में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन करना नियत किया गया था, लेकिन इसके पूर्व नवंबर माह के शुरूआत से ही जिले निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर कार्य शुरू किया गया। इसमें शिक्षक बीएलओं कार्य में जुट गए और बीएलओं के सहयोग के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों को संलग्न किया गया था। इस तरह एक माह से अधिक समय तक शिक्षक एसआईआर कार्य में लगे रहे और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित रही।

## युवाओं को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा



**मनेन्द्रगढ़।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वीर सैनिकों, शहीद परिवारों और अपंग सैनिकों के योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में रायपुर से विशेष रूप से पहुंचे लेफ्टिनेंट कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन ने कहा कि भारतीय सेना के जवान देश की सुरक्षा के लिए अपने जीवन का हर क्षण समर्पित कर देते हैं। वे अपने परिवार, जीवन की सुविधाओं और व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पीछे छोड़कर सीमा पर तैनात रहते हैं, ताकि देश के नागरिक भयमुक्त जीवन जी सकें।

## खबर संक्षेप

### अमेरा खदान विवाद को कांग्रेस का राजनीतिक रंग : भारत

**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि लखनपुर अमेरा खुली खदान क्षेत्र की हालिया घटना को लेकर कांग्रेस से



जुड़े कुछ स्थानीय नेताओं द्वारा लगातार राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से माहौल को राजनीतिक अखाड़े में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। सरल एवं भोले-भाले ग्रामीणों को तथ्यात्मक और विधि-सम्मत जानकारी देने के बजाय उन्हें भ्रमित कर उकसाने की कोशिश की गई । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का 2008 से 2023 तक विधायक और मंत्री के रूप में प्रतिनिधित्व कर चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टी. एस. सिंहदेव के कार्यकाल में यदि खदान को लेकर आपत्तियां थीं, तो उस समय खदान बंद कराने, कानूनों के विरुद्ध आवाज़ उठाने या पारित होने से रोकने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए थे।उन्हीं के विधायक रहते हुए अमेरा, परसोढी कला एक्सटेंशन खदान का भूमि अधिग्रहण 2014 में हुआ और 2022 में कांग्रेस शासनकाल में कोल माइंस से जुड़े कुछ कानून पारित हुए उस समय विरोध नहीं किया गया। कांग्रेस का यह दावा कि अचानक कार्रवाई की गई का खंडन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि अमेरा–परसोढ़ी कला प्रकरण पर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह भ्रामक, राजनीतिक रूप से प्रेरित और भूमि अधिग्रहण संबंधी वास्तविक कानूनी प्रक्रिया से असंगत हैं क्योंकि बिना पूर्व सूचना, ग्रामसभा की कार्यवाही, सामाजिक प्रभाव आंकलन, आपत्तियों के निपटान और मुआवजा निर्धारण जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना कोई भी अधिग्रहण संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से महिलाओं पर पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप भी बिना किसी प्रमाण के है। श्री सिसोदिया ने कहा कि महिला उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, वहीं कांग्रेस द्वारा अमेरा विवाद में महिलाओं को बरगलाया जा रहा है, उन्हें फूल माला से सम्मानित करने का ढोंग करके हिंसा की भावना बढ़ाने का काम किया जा रहा है, तो क्या कांग्रेस ग्रामीणों को माओवादी सोच के तरफ़ ले जाना चाहती है।

### आम आदमी पार्टी ने भी अमेरा खदान के प्रभावितों से की मुलाकात



**अंबिकापुर।** अमेरा खदान के विस्तार व भूमि अधिग्रहण को लेकर हुए खूनी संघर्ष पर अब राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस के बाद आप की कमेटी ने भी प्रभावित परसोडीकला गांव का दौरा किया। आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान प्रियंका शुक्ला ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण के नाम पर सरकार की तरफ से पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई बर्बर कार्रवाई लोकतंत्र के मूल्यों पर सीधा हमला है। आम आदमी पार्टी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है और पीड़ित ग्रामीणों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि खेतों में काम कर रहीं महिलाओं के साथ अभद्रता कर उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। आंदोलन में शामिल न होने वाले ग्रामीण जो खेती-बाड़ी और पशुपालन में लगे थे उन्हें भी बेरहमी दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया। गांव के देवस्थान को क्षतिग्रस्त किया गया। घटना के बाद प्रशासन ने 7 महिलाओं सहित 10 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जो लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पीड़ित ग्रामीणों के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान अलेक्जेंडर केरकेट्टा, राजेंद्र बहादुर सिंह, मनोज दुबे, नरेंद्र नाग, लव कुमार दुबे, रामेश्वर विश्वकर्मा, अजय सिंह, राजेश व अन्य मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत कर्रा में पीएम श्री स्कूल का लोकार्पण

**धौरपुर।** विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्रा में मंगलवार को पीसीसी सदस्य



सोमेश्वर प्रताप सिंह, आदित्य सिंहदेव, जिपं सदस्य शकुंती बाई, सरपंच सुनीता सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में पीएम श्री स्कूल का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सोमेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि दूरस्थ ग्राम कर्रा में पीएम श्री स्कूल खुलना क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है। पीएम श्री स्कूल खुलने से अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने के साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के शिक्षक शैक्षिक गतिविधियों के साथ ही विद्यार्थियों के खेल कौशल को निखारेंगे। अन्य अतिथियों ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष गंगा प्रसाद, मंडल अध्यक्ष श्री दिलीप, राजेश तिवारी, राधेश्याम यादव, सूरज यादव, उप सरपंच किरण गुप्ता, साबिर हुसैन, माखन एक्का, जयश्री एक्का सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## 13.50 लाख की लागत से प्रधानमंत्री आदर्श योजना मद से बनाई गई थी सड़क

# ग्राम पंचायत टेलसारा में बनी सीसी सड़क एक साल में हो गई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो इसे ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत टेलसारा में सीसी सड़क का निर्माण किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि 13.50 लाख की लागत से बनी सीसी सड़क 12 महीने भी टीक नहीं सकी। ऐसे में मरम्मत व देख रेख के अभाव में सड़क जर्जर हो गई है। आलम यह है कि सड़क के गिट्टी उखड़ने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी संबंधित विभाग को नहीं है बावजूद इसके सड़क का मरम्मत कराने के लिए आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**
- सड़क से उखड़ रहे गिट्टी, राहगीरों का आवागमन हुआ मुश्किल



विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलसारा के इमलीपारा में प्रधानमंत्री आदर्श योजना मद के तहत 13.50 लाख रुपये की लागत से एक साल पूर्व सीसी सड़क निर्माण किया गया। सीसी सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हुई लेकिन सड़क निर्माण हुए साल भर भी नहीं हुआ कि सड़क पूरी तरह से उखड़ने लगी है। सड़क से गिट्टी उखड़ने कर बिखर गई है और जगह-जगह गिट्टियां बाहर निकल गई है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया एवं मानक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। निर्माण के दौरान न तो वाइब्रेटर मशीन चलाया गया और न ही निर्धारित अनुसार पानी की तराई कराई गई, जिसके कारण सड़क समय से पहले ही जर्जर हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा मनमाने तरीके से, स्वीकृत स्टीमेन्ट के विपरीत सड़क निर्माण कराया गया, जिससे यह सड़क महज कुछ ही महीनों में खराब हो गई।

#### ग्रामीणों की कार्रवाई की मांग

सीसी सड़क के कुछ महीने के भीतर ही जर्जर हो जाने से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क जिस उद्देश्य से बनाई गई थी वह उद्देश्य सार्थक नहीं हो सका। निर्माण एजेंसी की लापरवाही और मानकों की अनदेखी के कारण यह सड़क लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कराने तथा दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सड़क को पुनः गुणवत्तापूर्ण तरीके से बनवाने की गुहार लगाई है।

#### हो सकती है बड़ी दुर्घटना

ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत तेलसारा के इमलीपारा तक बनी सड़क के जर्जर हो जाने तथा सड़क पर गिट्टे बिखरे होने के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई बार तो रात के समय कई दो पहिया वाहन सवार दुर्घटना ग्रस्त होने से घायल हो चुके है। हालांकि दिन के समय वाहन सवार किसी तरह गिट्टी से बच कर निकल जाते है परंतु रात के समय मार्ग काफी खतरनाक हो जाता है। ऐसे में बाइक-स्कूटी सहित दो पहिया वाहन चालक का थोड़ा बहुत भी ध्यान भटका तो दुर्घटना होना तय है। इस मार्ग में अब तक जीतने भी सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें अधिकांश रात को ही हुआ है।

#### सड़क का किया जाएगा निरीक्षण

ग्राम पंचायत तेलसारा के इमलीपारा तक बनी सड़क जर्जर हो गई है तो सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी
-संजय राय, जनपद सीईओ

*बिश्रामपुर। खेलने के दौरान पांच वर्षीय मासूम की कुंए में गिर जाने से मौत हो गई है। ग्राम बरौल निवासी समयलाल का पांच वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार प्रजापति बुधवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे अपने बाड़ी में खेलते समय बिना बाउंड्री के कुएं में अचानक गिर गया,जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



## पहली बारिश भी नहीं झेल पाई करोड़ों की लागत से बनी पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

देवगढ़ नाला पर नवनिर्मित पुलिया पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। पुलिया की रिटेनिंग वाल क्षतिग्रस्त हो गई है। अब पुलिया की रेलिंग भी नीचे सरक गई है। ग्रामीणों ने ठेकेदार व अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत देवगढ़ के मोरड़ापारा में महादेव नाला में बारिश से पूर्व नई पुलिया का निर्माण कराया गया था। लोक निर्माण विभाग की सेतु शाखा की देखरेख में करोड़ों की लागत से निर्मित इस पुलिया में निर्माण के कुछ महीनों बाद ही तकनीकी लापरवाही उभर कर सामने आने लगी है। बारिश के मौसम से पूर्व निर्मित इस पुलिया के साथ इसे मजबूती प्रदान करने पुलिया के दोनों तरफ रिटेनिंग वाल बनाई गई थी जिसमें एक तरफ का हिस्सा बारिश की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रिटेनिंग वाल के साथ सुरक्षा की दृष्टिकोण से लगाया गया रेलिंग भी अपनी जगह छोड़कर नीचे की ओर जा सरक गया है जिसकी वजह से लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिये हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश से पूर्व पुलिया निर्माण के कारण अधिकारियों ने काम जल्दबाजी में निपटाया। जल्दबाजी की वजह से रिटेनिंग वाल के काम में लापरवाही बरती गई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया का वो हिस्सा जहां रिटेनिंग वाल वाल क्षतिग्रस्त हुई है काफी संवेदनशील है, मिट्टी का भुरभुरी है जिसकी वजह से वहां मिट्टी कटाव होती रहती है। पुलिया के काम जल्दी निपटाने के चक्कर में उन्होंने इस पर ध्यान नही दिया और रिटेनिंग वॉल तैयार कर दी जो बारिश का पहला झटका नही झेल पाई और क्षतिग्रस्त हो गई। बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वॉल ने रेलिंग को भी अपनी चपेट में ले लिया और उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि महादेव नाले के आसपास की मिट्टी इस कदर संवेदनशील है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता में थोड़ी भी लापरवाही बरती गई होगी तो यह पुलिया के भविष्य के लिए खतरनाक साबित होगा फिलहाल क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वॉल की मरम्मत का कार्य शुरु करा दिया गया है।

- रिटेनिंग वाल क्षतिग्रस्त, सरक गई रेलिंग

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग सेतु शाखा के उपअभियंता विकास सरावगी ने बताया कि बारिश की वजह से वो हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। बारिश के दिनों में पानी का रिसाव इसकी सबसे बड़ी वजह है। पखवाड़े भर में इसकी मरम्मत पूरी करा दी जाएगी।

## बिश्रामपुर नगर पंचायत के मतदान केंद्रों में एसआईआर फार्म की वापसी जमा संख्या 50 प्रतिशत से भी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर के कई पोलिंग बूथों में एसआईआर के फार्म अत्यधिक कम जमा होने से जिला प्रशासन चिंतित भी है और गड़बड़ी की आशंका भी बनी हुई है,आज बुधवार को इस संबंध में सूरजपुर कलेक्टर और उनकी राजस्व टीम ने बिश्रामपुर के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंच कर बीएलओ से एसआईआर की प्रगति की रिपोर्ट ली,इस दौरान कलेक्टर एस जयवर्धन संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा,एसडीएम शिवानी जायसवाल ने एसईसीएल कम्पनी के क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह को भी तलब कर एसआईआर फार्म को शत प्रतिशत जमा कराने में मॉनिटरिंग करने को कहा गया है।

- सूरजपुर कलेक्टर, राजस्व टीम के साथ मतदान केंद्रों का जायजा लेने पहुंचे, कमियों और त्रुटियों की जानकारी ली
- एसईसीएल जीएम को भी तलब कर निरीक्षण में किया शामिल, शत प्रतिशत रिजल्ट के लिए सहयोग करने किया निर्देशित



बता दें कि नगर पंचायत का अधिकतर क्षेत्र एसईसीएल कॉलोनी सहित कंपनी का लीज होल्ड एरिया अंतर्गत आता है,सन 2003 में नगर पंचायत बिश्रामपुर के गठन के बाद इन दो दशक में कई अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए हैं और वे अब मूल निवास स्थल को चले गए हैं अथवा दूसरे क्षेत्रों में घर बना कर रह निवासरत हैं, इसके अतिरिक्त निकाय क्षेत्र के कई मतदाताओं की मौत हो गई है लेकिन उनका अब तक मतदाता सूची से नाम नहीं काटा जा सका है,वर्तमान में एसईसीएल कॉलोनी में बड़ी संख्या में बाहरी लोग निवासरत है जिनका अलग अलग गांव में मतदाता सूची में नाम पहले से ही दर्ज है,अब वे इस प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहते,परिणामस्वरूप 9 हजार से अधिक मतदाताओं वाली नगर पंचायत के कई पोलिंग बूथों में 50 प्रतिशत से भी कम फार्म जमा हुए है।

## बिश्रामपुर में निजामुद्दीन अंबिकापुर एक्सप्रेस के ठहराव होने की उठी मांग, सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** सरगुजा संभाग के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर में अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 22407/22408 के ठहराव को लेकर स्थानीय स्तर पर आम नागरिक सक्रिय हो गए हैं,बुधवार को रेल संघर्ष समिति बिश्रामपुर ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के नाम पर स्थानीय स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही ठहराव स्वीकृति की मांग की है।

बिश्रामपुर रेल संघर्ष समिति के सदस्य अधिवक्ता प्रदीप गर्ग ने बताया कि बिश्रामपुर स्टेशन न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है,बल्कि यह सरगुजा संभाग का एकमात्र गुड्स शेड भी है, जहां प्रतिदिन भारी मात्रा में आवश्यक सामग्रियों की रैक का आवागमन होता है,यह स्टेशन कभी पूरे संभाग का अंतिम स्टेशन हुआ करता था,जिसके वर्षों बाद अंबिकापुर तक रेल लाइन का विस्तार हुआ,बावजूद इसके बिश्रामपुर स्टेशन को आज भी उचित महत्व नहीं मिल पा रहा है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में संचालित कोयला खदानों में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों कर्मचारी बिश्रामपुर व आसपास में निवासरत हैं, दिल्ली सहित उत्तर भारत,मध्य भारत व अन्य राज्यों के लिए नियमित रेल सेवा की आवश्यकता सबसे अधिक इन्हीं व्यक्तियों को पड़ती है,अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस सरगुजा को राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली इकलौती सुविधा है,ऐसे में इसका बिश्रामपुर में ठहराव न होना स्थानीय जनता के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है, ज्ञापन में यह



भी उल्लेखित है कि वर्षों से मांग उठाए जाने के बावजूद रेलवे विभाग की उदासीनता के चलते अब तक ठहराव स्वीकृत नहीं मिल पाई है,इससे स्थानीय नागरिकों, कर्मचारियों, व्यापारियों और उद्योग जगत में गहरी नाराजगी है,समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठहराव स्वीकृत नहीं हुआ,तो बिश्रामपुर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा,समिति के सदस्यों का कहना है कि निजामुद्दीन-अंबिकापुर ट्रेन के ठहरने से यात्रियों को सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही व्यापारिक-औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, ज्ञापन देने वालों में सुभाष गोयल, प्रदीप कुमार गर्ग, रमेश दनौदिया, अशोक अग्रवाल शोक्की, कृष्ण गोयल बल्लू, चिंटू खेड़ा,चंदन सिंह,प्रेम धाभाई, अंशुल गोयल, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कोल परिवहन को लेकर ग्रामीणों, ट्राला मालिक साइडिंग, संचालनकर्ता के बीच बैठक

**बिश्रामपुर।** करंजी रेलवे साइडिंग से उड़ रहे कोल डस्ट से परेशान ग्रामीणों द्वारा पिछले दस दिनों से कोल परिवहन कार्य को बंद कराया हूआ है,बुधवार को मंत्री प्रतिनिधि की उपस्थिति में संचालनकर्ता व ग्रामीणों के बीच मामले की बैठक रखी गई,जिसमें सड़क पर फंसी हुई गाड़ियों में लोड कोयला को रेलवे साइडिंग में सीमित समय में डम्प करने की आम सहमति बनी है,सहमति बनने से ट्राला मालिकों ने कुछ राहत की सांस ली है,गौरतलब है कि करंजी रेलवे कोल साइडिंग में ग्राम करंजी,झूमरपारा व आसपास गांव के लोगों ने सड़क निर्माण व अन्य मांगों को लेकर पिछले दिनों 1 दिसंबर से कोल परिवहन कार्य को ठप्प कर दिया है,जिस वजह से यहां पर करीब 100 से अधिक कोयला लोड ट्राला सड़क पर लम्बी लाइन में फंसे हुए हैं,मामले में बुधवार को मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में साइडिंग संचालनकर्त्ता एवं ग्रामीणों के बीच बैठक हुई,बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो कोयला लोड ट्राला वाहन सड़क की लाइन में जाम पर फंसे हुए हैं,उनके गाड़ी में लोड रखे कोयला को 24 घंटे की समय सीमा में रेलवे साइडिंग में खाली करा दिया जाएगा,साथ ही किसी भी ट्राला वाहन में कोल डस्ट का परिवहन कार्य नहीं किया



जाएगा,साथ ही फंसे हुए कोयला लोड वाहनों के साइडिंग में खाली होने उपरांत 24 घंटे का समय बीत जाने पश्चात कोल परिवहन कार्य को पुनः बंद कर दिया जाएगा,बैठक में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े के अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल,रामानंद जायसवाल, सूरजपुर तहसीलदार सूर्यकांत साय, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, बिश्रामपुर टीआई प्रकाश राठौर,बसंत, मो.जावेद, शिवकुमार, पारस राम, संतोष कुमार, रामसूरत, आनंद, गणेश, गोपाल व अन्य उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा भी करंजी साइडिंग में नियमों की अवहेलना पाए जाने पर साइडिंग को बंद करने के विषय में नोटिस भेजकर 15 दिवस के भीतर संचालक से जवाब माँगा गया है,ऐसी स्थिति में जब तक पर्यावरण बोर्ड से क्लियरेन्स नहीं मिल जाता है, तब तक करंजी साइडिंग पर कोल परिवहन कार्य बंद रहने की उम्मीद है।

### सतपता स्थित एनएच में लकड़ी तस्करों ने ग्रामीणों से की मारपीट

**बिश्रामपुर।** ग्राम सतपता में गत दिनों एनएच 43 पर सड़क किनारे दुकान के सामने खड़े ग्रामीणों से दूसरे राज्य से आकर लकड़ी तस्करी में शामिल लोगों द्वारा दबंगई कर मारपीट करने का वीडियो सामने आया है,पीड़ित ग्रामीणों के मुताबिक गत दिनों 7 दिसंबर की रात करीब 11 बजे जब वे घर जा रहे थे,तभी लकड़ी लोड ट्रैक्टर गांव की तरफ से जा रहा था,इसी दौरान उनसे पूछताछ करने पर कहासुनी हुई और ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर वहां से चला गया,इसके कुछ ही समय पश्चात दूसरे राज्य के लकड़ी तस्करी में शामिल लोग संगठित होकर रात करीब 1 बजे पंचायत भवन सतपता में पहुंचकर ग्रामीण राजू यादव के साथ मारपीट करने लगे,लगभग 4-5 की संख्या में पहुंचे लकड़ी तस्करों ने युवक से मारपीट कर उसको घायल कर दिया,पूरा घटनाक्रम सामने स्थित एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है,वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग दो युवकों से जमकर मारपीट कर रहे हैं,घटना के बाद पीड़ित व आहत राजू यादव ने मामले की शिकायत बिश्रामपुर थाना में की है।


## जिला कांग्रेस की सूरजपुर में पहली औपचारिक बैठक

**सूरजपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शशि सिंह की अध्यक्षता में वोट चोर गद्दी छोड़ की दिल्ली महारैली में जिले से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली कूच करेंगे। 14 दिसम्बर को राष्ट्रव्यापी आह्वान में दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन हैं, जिसमें पीसीसी के निर्देश पर जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, पार्टी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिल्ली जाएंगे।



कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के उपरांत नए जिलाध्यक्ष के रूप में शशि सिंह का बैठक में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और दिल्ली महारैली तथा एसआईआर को लेकर विस्तृत चर्चाएं कर कार्ययोजना तय की गई। साथ ही आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर रूपरेखा बनाई गई। स्थानीय सर्किट हाऊस में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शशि सिंह सहित कांग्रेस नेता इस्माईल खान, संजय डोसी, मेहंदी यादव, अनिल गुप्ता, विमलेशदत्त तिवारी, आनंद कुंवर, विमला सिंह, हेमलता राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक का संचालन सुनील अग्रवाल व आभार प्रदर्शन परमेश्वर राजवाड़े ने किया। इस दौरान धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को आ रही दिक्कतों और शिकायतों के मद्देनजर जल्द ही कांग्रेस द्वारा जिले के सभी 54 धान उपार्जन केन्द्रों में निगरानी समिति का गठन कर हल्ला बोल कार्यक्रम तय किया गया। बैठक में प्रवेश गोयल, अभिषेक श्रीवास्तव, पुनीत गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, आनंद चौधरी, पारसनाथ राजवाड़े, वेद प्रकाश मिश्रा, आलोक साहू, अखिलेश जायसवाल, सुरेश केराम, तुलसी सिंह, कमला यादव, सिंगारो बाई, राधेकृष्ण प्रजापति, दुर्गा टेकाम, मदनेश्वर साहू, तपन सिकदार, बिहारी कुलदीप, विक्की समद्दार, पवन साहू, गिरधारी साहू, शांतू डोसी, सुनील प्रजापति, कृष्ण बिहारी साहू, सुनील सारथी, बाबूलाल राजवाड़े, हुलास राजवाड़े, दीपन मानिकपुरी, परमेश्वर सिंह, विजय साहू, सोपाड़ी लाल राजवाड़े, चन्द्रभान सिंह, राजू गुप्ता, शांतनु सिंह, गोपाल यादव, आशीष सिंह, राजकुमार देवांगन, खेलन सिंह, बालेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र राजवाड़े, विनय पावले, अदनान सिद्दीकी, कौनेन अंसारी, मोहिबुल हसन, अजय सोनवानी, संदीप शर्मा, रामलखन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाते हुए कांग्रेसियों ने केक काटा। वहीं कांग्रेस नेता इस्माईल खान के बड़े भाई इसराईल खान के निधन पर शोक संवेदना प्रगट की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411